भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1421

सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी

†1421. श्री वी. के. श्रीकंदन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह एक तथ्य है कि वर्ष 2019 में कोविड महामारी के प्रकोप के बाद देश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में पहली बार कमी आई है;

(ख) क्या यह सच है कि वर्ष 2024 की समान अवधि के 76.81 लाख की तुलना में अक्टूबर 2025 तक भारत में केवल 69.8 लाख विदेशी पर्यटक आए, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विदेशी पर्यटकों के आगमन में इस गिरावट का देश के पर्यटन पर बड़ा प्रभाव पड़ने की आशंका है;

(घ) क्या यह भी सच है कि भारतीय मुद्रा के अवमूल्यन से देश में अधिक विदेशी पर्यटकों के आकर्षित होने की उम्मीद है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): वर्ष 2019 से 2024 तक विदेशी पर्यटकों का आगमन (महामारी के बाद) निम्नानुसार है:

वर्ष 2019 से 2024 के दौरान विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए):

वर्ष	**एफटीए**
2019	1,09,30,355
2020	27,44,766
2021	15,27,114
2022	64,37,467
2023	95,20,928
2024	99,51,722

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

वर्ष 2024 और 2025 का अक्तूबर तक का माह-वार डेटा निम्नानुसार है:

वर्ष 2024 और 2025 का अक्तूबर तक माह-वार एफटीए		
माह का नाम	**2024**	**2025***
जनवरी	9,81,609	9,56,988
फ़रवरी	10,32,301	9,15,713
मार्च	8,93,021	7,42,108
अप्रैल	6,72,684	6,25,874
मई	6,22,189	4,74,308
जून	7,22,615	5,47,855
जुलाई	7,99,842	6,68,612
अगस्त	6,61,322	6,27,555
सितम्बर	6,91,247	6,23,845
अक्टूबर	8,40,330	7,97,542
कुल	**79,17,160**	**69,80,400**

*स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो /*अनंतिम*

(घ) और (ङ): विदेशी पर्यटकों का आगमन कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे कि सुगम वीजा नियम, सुरक्षा एवं हिफाजत, संवर्धन और विपणन संबंधी प्रयास, विदेश नीति और अन्य विषय, जिनमें यात्रा लागत की वहनीयता और अनुकूल विनिमय की दरें शामिल हैं। यद्यपि भारतीय मुद्रा के अवमूल्यन से विदेशी पर्यटकों के लिए यात्रा अधिक किफायती हो सकती है, तथापि यह विदेशी पर्यटकों के आगमन को प्रभावित करने वाले कई कारकों में से केवल एक कारक है।

*****